राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल ने मुख्यमंत्री को बधाई दी

राज्यपाल ने दूरभाष पर श्री गहलोत को जन्म दिवस की शुभकामनाएं दी

जयपुर, 03 मई। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत को उनके जन्म दिवस की बधाई दी है। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने रविवार को प्रातः दूरभाष पर मुख्यमंत्री से बात की। श्री मिश्र ने श्री गहलोत को जन्म दिवस पर निरंतर प्रगति करने की शुभकामनाएं दीं।

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कहा कि ' श्री गहलोत जी मैं, आपको जन्म दिवस पर बहुत–बहुत बधाई देता हूं। आपको शुभकामनाएं देता हूं। आप शत वर्ष जीएं। आप यशस्वी रहें। सफलतापूर्वक आप कर्त्तव्यों का निर्वहन करते रहें। जिस तरीके से आपने अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत की, वैसे ही आप जीवन भर प्रगति करते रहें। 'राज्यपाल श्री मिश्र ने मुख्यमंत्री से प्रदेश में कोरोना से बचाव के प्रयासों और लॉक डाउन की स्थिति के बारे में भी चर्चा की।

विश्व प्रेस स्वतन्त्रता दिवस पर राज्यपाल ने मीडियाकर्मियों को दी शुभकामनाएं

जयपुर, 3 मई। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने विश्व प्रेस स्वतन्त्रता दिवस पर मीडियाकर्मियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। यह दिवस दुनियाभर में मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का मकसद दुनिया भर में प्रेस की स्वतन्त्रता और पत्रकारों की सुरक्षा तय कराना है। राज्यपाल ने कहा कि मीडियाकर्मी निर्भिक होकर कार्य करें। पत्रकारिता के सिद्वांतों पर चलकर अपना कर्म करें।

कोरोना वॉरियर्स को सेना द्वारा दिये गये सम्मान को राज्यपाल ने सराहा

जयपुर, 3 मई। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने सेना द्वारा कोरोना वॉरियर्स यथा चिकित्सक,पैरा मेडीकल स्टाफ,लैब टेक्नीसियन, नर्सिग स्टाफ, पुलिसकर्मी, सफाईकर्मी, मीडियाकर्मी और अन्य सहयोगियों को दिये गये सम्मान की सराहना की है। राज्यपाल ने कहा है कि इस सम्मान से कोरोना वॉरियर्स का हौंसला बढेगा और उनमें नई उर्जा का संचार भी होगा।

शहादत को राज्यपाल का सलाम

जयपुर, 3 मई। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने जम्मू कश्मीर के कुपवाडा में शनिवार को आंतकवादियों के खिलाफ कार्यवाही के दौरान हुई मुठभेड में करौली के जवान सपूत जोगेन्द्र सिंह की शहादत को सलाम किया है। राज्यपाल ने दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनो को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की है।

तकनीकी शिक्षा में मानवीय मूल्य वेबीनार का शुभारम्भ करेगे राज्यपाल

जयपुर, 3 मई। राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री कलराज मिश्र सोमवार को तकनीकी शिक्षा में मानवीय मूल्य विषय पर आयोजित वेबीनार का शुभारम्भ करेंगे। बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित वेबीनार का राज्यपाल सोमवार को दोपहर एक बजे वीडियो कॉन्फ्रेन्स के माध्यम से राज भवन से ही छात्र छात्राओं को सम्बोधित करेगें।

———

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक,जनसम्पर्क,राज्यपाल